हिन्दुस्तान
तरक्की को चाहिए नया नजरिया
शुक्रवार, 09 फरवरी 2018, बरेली, पांच प्रदेश, 20 संस्करण
www.livehindustan.com

एसआरएमएस के 16वें दीक्षांत समारोह में मेडल और उपाधि पाकर खिले मेधावियों के चेहरे, बीटेक, एमबीए, एमसीए में छात्राएं अव्वल

दीक्षांत समारोह में बेटियों ने समेट लिए सारे मेडल

बरेली | प्रमुख संवाददाता

श्री राममूर्ति स्मारक कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में 16वें दीक्षांत में छात्राओं का दबदबा रहा। बीटेक, एमबीए, एमसीए और बीफार्मा की टॉपर का ताज छात्राओं के ही सिर सजा। श्री राममूर्ति के 108 वें जन्मदिवस पर आयोजित दीक्षांत समारोह में ट्रस्ट के सभी कॉलेजों के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किये गये। समारोह की अध्यक्षता चेयरमैन देवमूर्ति ने की।

श्री राममूर्ति के 108 वें जन्मदिवस पर आयोजित दीक्षांत समारोह में ट्रस्ट के सभी कॉलेजों के बीटेक, बीफार्मा, एमबीए, एमसीए के सत्र 2016-17 में उत्तीर्ण स्टूडेंट्स को उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किये गये।

दीक्षांत समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आईवीआरआई के निदेशक डा. राजकुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि सीमेंस हेल्थ केयर के वाइस प्रेसीडेंट हर्ष महरोत्रा ने दीक्षांत समारोह का शुभारंभ किया। डीन एकेडिमिक्स प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने रिपोर्ट कार्ड पढ़ा। समारोह में सीमेंस हेल्थ केयर के वाइस प्रेसीडेंट हर्ष महरोत्रा ने डिग्री धारकों से कहा कि आज की दुनिया तेजी से डिजिटल इको सिस्टम विथ मेकिंग इण्डिया की ओर बढ़ रही है। यह बदलाव अवसरों के साथ-साथ नई चुनौतियां भी ला रहे हैं। उन्होंने प्रेरणा भरे शब्दों में डिग्रीधारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उन्हें समय के साथ-साथ ज्ञान कौशल एवं विचार को बदल कर देश को विकासशील देश से विकसित देश की ओर बढ़ाने के लिए प्रेरित होना चाहिए।

मुख्य अतिथि आईवीआरआई के निदेशक डा. राजकुमार सिंह ने कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद छात्र-छात्राओं के लिए रोजगार सबसे बड़ी चुनौती है, जिसे दूर करने में यह संस्थान सराहनीय कार्य कर रहा है। ट्रस्ट सचिव श्री आदित्य मूर्ति ने छात्रों से कहा कि यह याद रखें चाहे आप कितने भी सफल हो जाएं आपको उसके लिए नहीं अपितु आपके कार्य एवं आप कौन हैं, इसके लिए सदैव याद रखा जायेगा। डीन एकेडिमिक प्रो. प्रभाकर गुप्ता ने कहा कि इस वर्ष महाविद्यालयों में 4 राष्ट्रीय सेमिनार, 3 राष्ट्रीय संगोष्ठियां व 29 कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। इस वर्ष ट्रस्ट महाविद्यालयों के 427 मेधावी विद्यार्थियों को एक करोड़ 22 लाख 99 हजार की छात्रवृत्ति दे चुका है। चेयरमैन देवमूर्ति ने कहा कि सफल होने के लिए धैर्य रखना नितान्त आवश्यक है साथ ही सफल होने के लिए अपने अन्दर इनोवेटिव सोच के गुण का विकास करना होगा। संचालन डा. अंकिता टण्डन ने किया।

समारोह में डॉ आरके सिंह, हर्ष महरोत्रा एवं अध्यक्ष देवमूर्ति ने उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किये।

बीटेक टॉपर कोपल अग्रवाल को मिला 51 हजार का पुरस्कार

समारोह में डॉ आरके सिंह, हर्ष महरोत्रा एवं अध्यक्ष देवमूर्ति ने उपाधियां, प्रशस्ति पत्र एवं पदक वितरित किये। बीटेक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा कोपल अग्रवाल को श्री राममूर्ति गोल्ड मैडल व 51,000 नगद पुरस्कार मिला। वहीं बीटेक की अशना साहनी को सिल्वर मेडल व आरती मिश्रा को ब्राउंज मेडल मिला। बीटेक में ऑल राउण्डर छात्र अभिषेक कुमार को प्रेमप्रकाश गुप्ता चैरिटेबिल फाउण्डेशन गोल्ड मेडल दिया गया। कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग की बैच टॉपर कोपल अग्रवाल को सुभाष मेहरा गोल्ड मेडल, ईसी बैच टॉपर हर्षिता देवयानी को ऊषा मेहरा गोल्ड मैडल व 21 हजार का नगद पुरस्कार मिला। अन्य को भी मेडल मिले।

बीफार्मा टॉपर रही श्रद्धा तोमर

बीफार्मा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा श्रद्धा तोमर को गोल्ड मैडल व 21,000 रुपये, बीफार्मा में अपने बैच में द्वितीय सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा मधुरिमा शाह को सिल्वर मेडल व लविका गांधी को ब्राउंज मेडल मिला। लविका को पूरे बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए छात्रा लविका गांधी को गोल्ड मेडल मिला। एमसीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा अनुराधा को राममूर्ति गोल्ड मेडल व 21 हजार का नगद पुरस्कार मिला। वर्तिका अग्रवाल को श्री राममूर्ति सिल्वर मेडल व दीपक गुप्ता को ब्राउंज मेडल मिला। एमबीए में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा हर्षा गुप्ता को गोल्ड मैडल, इन्दू कनौजिया को सिल्वर मेडल व साक्षी रस्तोगी को ब्राउंज मेडल मिला।

एसआरएमएस आईटीआर की बीटेक टॉपर बनी वंशिका शुक्ला

श्री राममूर्ति स्मारक कालेज ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नालॉजी एंड रिसर्च की बीटेक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा वंशिका शुक्ला को राममूर्ति गोल्ड मैडल व 51 हजार का पुरस्कार मिला। हेमलता को सिल्वर मेडल और मेघा सिन्हा को ब्राउंज मेडल मिला। ईसी बैच टॉपर मेघा सिन्हा को गोल्ड मेडल व 21 हजार का पुरस्कार मिला। बीटेक ईई ब्रांच टॉपर रिया सिंह को श्री राममूर्ति गोल्ड मेडल व 21 हजार नगद, आईटी ब्रांच टॉपर सिमरन कौर ढींगरा को गोल्ड मेडल व 21 हजार नकद पुरस्कार मिला। कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए शैफाली शर्मा को विशेष पुरस्कार मिला।

एसआरएमएस आईटी लखनऊ के मेधावी किए गए पुरस्कृत

एसआरएमएस लखनऊ के बीटेक में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्रा शिवानी सचान को गोल्ड मेडल व 51 हजार नगद पुरस्कार मिला। अमर नाथ झा को सिल्वर और संविता दास गुप्ता को ब्राउंज मेडल मिला। बीटेक में ऑल राउण्डर छात्र अमर नाथ झा को गोल्ड मेडल दिया गया। सीएसई ब्रांच टॉपर संविता दास गुप्ता को गोल्ड मेडल व 21 हजार नगर पुरस्कार मिला। ईसी ब्रांच टॉपर शिवानी सचान को गोल्ड, ईई टॉपर चैतन्या पाल को गोल्ड, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में ब्रांच टापर अमर नाथ झा को गोल्ड व खेल में बेहतो प्रदर्शन के लिए अनिकेत मिश्रा को विशेष पुरस्कार मिला।